कोटद्वार, शुक्रवार
29 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 323 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## 12वीं गणित के परीक्षार्थियों को मिलेंगे सात बोनस अंक

**● कोर्स से बाहर से आए सवाल, बोर्ड ने दी राहत**

देहरादून। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट के गणित के परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम से बाहर से आए दो सवालों पर राहत दी है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नों की एवज में सात अंक बोनस देने का निर्णय लिया है। इसे लेकर गोपनीय पत्र उपनियंत्रक, उपप्रधान परीक्षक और सहायक परीक्षक को जारी किया है। उत्तराखंड बोर्ड के इतिहास में बोनस अंक देने का यह पहला निर्णय है। बोर्ड की गणित की परीक्षा में प्रश्न पत्र (संकेतांक 428 आईजीएफ) संख्या 12 में पूछा गया प्रायिकता बंटन और प्रश्न संख्या 21 में पूछा गया रेखा और वक्र का क्षेत्रफल सवाल कोर्स से बाहर से आए थे। दोनों प्रश्न सात अंकों के थे। दोनों प्रश्नों को लेकर सवाल खड़े हुए थे। राजकीय शिक्षक संघ ने दोनों प्रश्नों पर बोनस



अंक की मांग की उत्तराखंड बोर्ड से की थी। बोर्ड की ओर से प्रश्नों को पाठ्यक्रम से बाहर नहीं बल्कि पैटर्न बदले होने की बात कही गई थी। उत्तराखंड बोर्ड ने प्रश्नपत्र में आए प्रश्नों को लेकर जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट संस्तुतियों के साथ दी थी। इसके बाद बोर्ड की ओर से प्रश्न संख्या 12 के लिए निर्धारित दो और प्रश्न संख्या 21 के लिए निर्धारित पांच अंकों को बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया गया है।

दोनों प्रश्नों के संबंध में प्रत्यावेदन आए थे। जांच कमेटी का भी गठन किया गया था। इस प्रकरण में बच्चों के हित में निर्णय लिया जा रहा है और बच्चों के हित प्रभावित नहीं होंगे। –डॉ. नीता तिवारी, सचिव उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद

**सभी बच्चों को मिलेगा लाभ**

सभी परीक्षार्थियों को बोनस अंक का लाभ दिया जाएगा। भले ही किसी ने प्रश्न हल किया है या हल करने का प्रयास या फिर हल नहीं किया है। बोर्ड सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश को मूल्यांकन केंद्रों के उपनियंत्रकों को भेजा गया है।

## आसमान में दिखी भारत की ताकत



नई दिल्ली। अब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की खैर नहीं है। लंबे समय से चल रहा इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। दरअसल, भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान ने आज अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटिड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

**पाकिस्तान की सीमा के पास होगा तैनात**

एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

**2200 किमी प्रति घंटा है स्पीड**

इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है। इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस**

तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्प्ले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

## नानकमत्ता पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी, बाबा तरसेम सिंह को दी श्रद्धांजलि



देहरादून। उत्तराखंड के ऊधमसिह नगर के नानकमत्ता में कार सेवा डेरा प्रमुख नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई है। मोटरसाइकिल से आए अज्ञात हमलावरों ने बाबा तरसेम सिंह को गोलियों से छलनी कर दिया। इस हत्याकांड के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी, लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के साथ नानकमत्ता गुरुद्वारा कैंप पहुंचे। सीएम धामी ने नानकमत्ता गुरुद्वारा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि, आज सुबह करीब 6.30 बजे बाबा तरसेम सिंह डेरे के बाहर कुर्सी पर बैठे थे, तभी अचानक आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोलियां लगने से बाबा तरसेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाबा को उनके समर्थकों ने खटीमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनकी मौत हो गई।

## एक नजर

### सहारपुर पैसेंजर ट्रेन रही रद, दो ट्रेनें हरिद्वार तक आई

देहरादून। रायवाला–कांसरो के बीच रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के चलते दून आने और यहां से जाने वाली चार ट्रेनें प्रभावित रहीं। देहरादून–सहारनपुर पैसेंजर रद रही। लाहौरी और राप्तीगंगा एक्सप्रेस हरिद्वार तक आई और वहीं से वापस लौटी। जबकि शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटे देरी से देहरादून पहुंची। देहरादून से भी इस ट्रेन को एक देरी से रवाना किया गया। ट्रेनों के प्रभावित रहने से रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डिप्टी स्टेशन अधीक्षक पंकज वर्मा ने बताया कि गुरुवार को कांसरो–रायवाला के बीच ट्रैक पर कुछ काम हुआ। काम के लिए देहरादून और ऋषिकेश की ट्रेनें प्रभावित रही हैं। देहरादून से सहारनपुर और सहारनपुर से देहरादून आने वाली पैसेंजर ट्रेन रद रही। अमृतसर से आने वाली लाहौरी और गोरखपुर से आने वाली राप्तीगंगा हरिद्वार तक आई और वहीं से वापस रवाना हुई। बताया कि दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को एक घंटे तक रायवाला स्टेशन पर रोका गया। देहरादून से भी ट्रेन एक घंटे देरी से दिल्ली के लिए रवाना हुई।

### खाई में गिरा डंपर, एक की मौत

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर-खिर्सू मोटरमार्ग पर उज्वलपुर के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर से खिर्सू की ओर जा रहा एक डंपर उज्वलपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन गिरने की आवाज आने पर आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी सुनील रावत ने बताया कि बुधवार देर शाम श्रीनगर-खिर्सू मोटरमार्ग पर एक डंपर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर नन्हे (48) पुत्र बन्ने निवासी मिर्जापुर फैज नगर भुट्टा फरीदपुर बरेली उत्तर प्रदेश का शव 108 के माध्यम से बेस अस्पताल श्रीकोट की मोर्चरी में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

### युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

देहरादून। आराघर चौकी क्षेत्र के मॉडल कॉलोनी इलाके में बुधवार देर रात 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। गुरुवार सुबह पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आराघर चौकी इंचार्ज राकेश पुंडीर ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम के जरिए बुधवार देर रात सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि यहां एक महिला पिछले करीब सात साल से एक मकान में रहकर घर में कामकाज करती थी। महिला का 22 वर्षीय बेटा सचिन शर्मा पुत्र विनोद शर्मा कचहरी के पास काम करता था। बुधवार को उसने खुद को अचानक कमरे में बंद किया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को फंदे नीचे उतारा और कमरे की तलाशी ली। इस दौरान कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

## लोकसभा चुनाव : यूपी में प्रचार में सत्ता पक्ष का जोर, विपक्ष गायब

लखनऊ, लोकसभा चुनाव में पहले चरण का नामांकन पूरा हो गया है। लेकिन विपक्षी दल का प्रचार जमीन पर नहीं दिख रहा है। खासकर यूपी के प्रमुख विपक्षी दल सपा, कांग्रेस और बसपा अभी तक प्रत्याशी चयन में उलझे दिखाई दे रहे हैं। जबकि सत्ता पक्ष भाजपा ने पहले चरण का नामांकन खत्म होने से पहले प्रबुद्ध सम्मेलन और चुनाव संचालन के जरिए तेजी से प्रचार में जुटी है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव की सूची सबसे पहले जारी कर दी। इसके बाद नामांकन में सभी आठ सीटों पर पार्टी के बड़े दिग्गज न सिर्फ मैदान में डटे बल्कि जनसभा कर अपनी ताकत भी दिखाई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी खुद कई जगह मौजूद रहे। वहीं संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह संगठन को बूस्टर डोज देने के लिए पश्चिमी यूपी में कमान संभाले है। जहां वो नहीं पहुंच पा रहे वहां फीडबैक भी ले रहे हैं। पहले चरण से पूर्व बूथ से लेकर जिला तक के कार्यकर्ताओं को दो गुना रफ्तार देने के लिए वह खुद पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से प्रचार की शुरुआत कर दी है। वह पहले चरण के चुनाव तक लगातार प्रबुद्ध सम्मेलन और जनसभाएं कर रहे हैं। इसके इतर गठबंधन के साथी को भी साथ लेकर चल रहे हैं। वह नामांकन में भी नजर आ रहे हैं। वहीं जयंत चौधरी की भी पश्चिमी यूपी में कई जनसभाएं घोषित है। 31 मार्च को पीएम मोदी की रैली मेरठ में प्रस्तावित है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अमोदकांत मिश्रा का कहना है कि चुनाव को लेकर जहां एक तरफ सत्तारूढ़ दल भाजपा पहले चरण के चुनाव के लिए तेजी से प्रचार कर रही है। पीएम से लेकर सीएम तक लगातार जनसभा कर रहे हैं। भाजपा बूथ से लेकर सभा तक मजबूती से डटी हुई है। वहीं विपक्षी दल चुनाव में खास कुछ करती दिख नहीं रही है। सपा ने भले ही ज्यादातर सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हों। लेकिन आपसी तालमेल अभी बन पता दिख नहीं रहा है। रामपुर या मुरादाबाद के मामले को ले लें। यहां पर आपसी कलह के कारण कार्यकर्ता और समर्थक कन्फ्यूजन की स्थित में हैं। वहीं अभी तक गठबंधन का कोई साझा कार्यक्रम नजर नहीं आया है। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी कहते हैं कि इंडिया गठबंधन रणनीति के साथ चुनाव में जा रहा है, भाजपा के सांसद स्वयं टिकट छोड़ रहे हैं। क्योंकि जिस तरीके से पिछले 10 साल में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार,खासतौर से इलेक्टोरल बांड का भ्रष्टाचार निकल कर आया है, उससे देश के युवा– किसान, आम आदमी, महिलाएं, मध्यम व्यापारी, बहुत ही नाराज हैं।

## रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मिली बड़ी सफलता, प्रमुख साजिशकर्ता मुजम्मिल को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। मुजम्मिल शरीफ नाम के इस साजिशकर्ता को तीन राज्यों में 18 स्थानों पर तलाश करके बुधवार को पकड़ा जा सका है।

रेस्टोरेंट में एक्सप्लोसिव डिवाइस वाला बैग रखने वाला मुस्सविर शाजेब अभी फरार है। मामले में शामिल एक अन्य व्यक्ति अब्दुल मतीन ताहा की भी एनआइए को तलाश है। मुजम्मिल को कर्नाटक में 12 स्थानों, कर्नाटक में पांच स्थानों और उत्तर प्रदेश में एक स्थान पर छापेमारी के बाद पकड़ा गया है।

एक मार्च को हुए विस्फोट के बाद से वह लगातार ठिकाने बदल रहा था। रेस्टोरेंट में हुए विस्फोट में नौ लोग घायल हुए थे।

## उत्तराखंड में सात नामांकन हुए निरस्त, अब चुनावी मैदान में हैं 56 प्रत्याशी

देहरादून। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच में हरिद्वार लोकसभा सीट पर सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विभिन्न तकनीकी त्रुटियों के चलते निरस्त कर दिए गए हैं। यहां 14 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। प्रदेश की अन्य चार लोकसभा सीटों टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा व नैनीताल–ऊधम सिंह नगर में सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। इस तरह अब 56 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं।


30 मार्च को नाम वापसी का अंतिम दिन है। इसके बाद चुनावी मोर्चे पर डटे प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी।प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। 27 मार्च को नामांकन की अंतिम तिथि थी। इस अवधि में कुल 63 प्रत्याशियों ने पांच लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए।

**नामांकन पत्रों की हुई जांच**

गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में हरिद्वार लोकसभा सीट से भारतीय युवा एकता पार्टी के सूरज सिंह रावत, भारतीय सेवक पार्टी के संदीप कुमार, मजदूर किसान यूनियन पार्टी के गौतम, एकम सनातन भारत दल के स्वामी दामोदराचार्य, निर्दलीय प्रबोध चंद डबराल, रोहित कश्यप व अकील अहमद के नामांकन विभिन्न तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिए गए।

**यहां से निरस्त हुआ नामांकन**

वहीं, अल्मोड़ा सीट पर उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी ने निर्धारित प्रारूप में फार्म ए को मूलरूप से उपलब्ध नहीं कराया। ऐसे में वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। नामांकन




पत्रों की जांच के बाद अब हरिद्वार लोकसभा सीट पर 14, टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट पर 11, गढ़वाल लोकसभा सीट पर 13, अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर आठ और नैनीताल–ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर 10 प्रत्याशी मैदान में रह गए है।

**30 मार्च को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि**

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि 30 मार्च को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

## केजरीवाल के बाद अब ईडी के रडार पर आप के गोवा प्रमुख, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई पूछताछ

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बाद अब आम आदमी पार्टी के गोवा प्रमुख अमित पालेकर पर ईडी ने शिकंजा कसा है। पालेकर से आज से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की गई है। एऊने आज पालेकर, रामाराव वाघ, दत्ता प्रसाद नाइक और भंडारी समाज के प्रेसिडेंट अशोक नाइक को पूछताछ के लिए बुलाया था।

बता दें कि इससे पहले ईडी ने दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि, आप ने आरोप लगाया है कि ईडी झूठ फैला रही है और गलत आरोपों में हमारे नेताओं को पकड़ना चाहती है।

**ये हमारे नहीं, भाजपा के नेता**

दूसरी ओर आप के सूत्रों ने कहा कि ईडी झूठ फैला रही है। दत्त प्रसाद नाइक



और अशोक नाइक आप नेता नहीं हैं, बल्कि भाजपा नेता हैं। ईडी आज एक मजाक बन गया है। यह केवल भाजपा का एक राजनीतिक हथियार है।

**घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में इस्तेमाल का आरोप**

इससे पहले, ईडी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान अपने रिमांड आवेदन में आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली शराब घोटाले में उत्पन्न अपराध की आय का प्रमुख लाभार्थी है।

एजेंसी ने दावा किया कि घोटाले का सबसे बड़ा हिस्सा नकदी में लिया गया था और गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में अअढ के चुनाव प्रचार में लगभग 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया गया था।

**ईडी ने किया ये दावा**

रिमांड नोट में ईडी ने आगे दावा किया कि अरविंद केजरीवाल भी दिल्ली शराब घोटाले की पूरी साजिश में शामिल थे, जिसमें नीति का मसौदा तैयार किया गया था और इसे इस तरह से लागू किया गया था, जिसमें रिश्वत प्राप्त करने के बदले में कुछ निजी व्यक्तियों का पक्ष लिया गया और उन्हें फायदा पहुंचाया गया।

इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया।

### उत्तराखंड में फिल्म नीति से खुलेंगे तरक्की के द्वार

देहरादून। आंचलिक फिल्म एसोसिएशन ने उत्तराखंड की फिल्म निति का स्वागत किया है। एसोसिएशन ने कहा कि इससे फिल्मकारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए मजबूती से काम हो पाएंगे।

उत्तरांचल प्रेसक्लब में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रवीर गायत्री ने कहा कि नई फिल्म निति से आंचालिक फिल्म निर्माण के आर्थिक द्वार खुल गए हैं। जरुरत है इसे सही तरीके से लागू किया जाए।

महासचिव गंभीर सिंह जायड़ा ने कहा कि एसोसिएशन से उत्तराखंड के फिल्मकारों, कलाकारों को जोड़ा जाएगा, ताकि फिल्म नीति से सभी को कार्य करने का मौका मिल सके। इस दौरान नाट्यकार और फिल्मकार डा. राकेश भट्ट को सम्मानित किया गया। भट्ट राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं।

## आसन वेटलैंड से प्रवास खत्म कर अपने देश लौटे प्रवासी परिंदे

विकासनगर। देश के पहले कंजर्वेशन रिजर्व व उत्तराखंड के पहले रामसर साइट आसन वेटलैंड में प्रवास पर आए सभी प्रजातियों के परिंदे अपने मूल स्थान लौट चुके हैं। अब आसन रामसर साइट में लोकल प्रजातियों के परिंदों का राज हो गया है। आसन नमभूमि में हर साल सेंट्रल एशिया के साइबेरिया आदि ठंडे देशों से परिंदे प्रवास के लिए अक्टूबर माह में आने शुरू हो जाते हैं, जो अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक प्रवास के लिए रुकते हैं। वैसे फरवरी माह से ही परिंदों के लौटने का क्रम शुरू हो जाता है। लेकिन, इस बार मौसम ठंडा रहने के कारण मध्य मार्च से परिंदों का प्रवास खत्म कर अपने मूल स्थान लौटने का क्रम शुरू हुआ था। जैसे जैसे गर्मी बढ़ी, परिंदों के लौटने का क्रम तेज हो गया था।

**141 प्रजातियों के परिंदे आए थे**

इस वर्ष 141 प्रजातियों के 5230 परिंदे आसन रामसर साइट में आए थे। सभी परिंदे अपने मूल स्थान को वापस लौट गए हैं। सबसे अंत में यहां से रुडी शेलडक प्रवास खत्म कर अपने मूल स्थान को लौटे हैं। आसन रेंज के वन दारोगा प्रदीप सक्सेना के अनुसार सभी प्रजातियों के परिंदे लौट चुके हैं।

**आसन में ये प्रजातियां आई थीं प्रवास पर**

इस बार ग्रे लेग गूज, रुडी शेलडक, नार्थन शावलर, गैडवाल, यूरेशियन विजन, इंडिया स्पाट बिल्ड, मलार्ड, नार्दन पिनटेल, ग्रीन विंग्ड टील, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कामन पोचार्ड, फेरीजिनस डक, टफ्ड डक, लिटिल ग्रेब, ग्रेट क्रेस्टेड ग्रेब, यूरेशियन मोरहेन, यूरेशियन कूट, गे हेडेड स्वेन, ब्लैक विंग्ड स्टिल्ट, रीवर लैपविंग, रेड वेटल्ड लेपविंग, स्नाइप एसपी, कामन सेंड पाइप के अलावा कामन ग्रीनिश, कामन रेडसन, तिरंगा एसपी, कामन किंगफिशर, व्हाइट थ्रोटेड, पाइड किंगफिशर, ग्रे वेग्टैल आदि परिंदे उत्तराखंड के मेहमान बने थे।

## वीकेंड पर मसूरी पर्यटकों से पैक



देहरादून। इस वीकेंड पर तीन दिन की छुट्टी के चलते मसूरी पर्यटकों से पैक हो गई है। गुरुवार दिन से ही पर्यटक मसूरी पहुंचने शुरू हो गए थे। यहां के प्रमुख पर्यटक स्थलों पर दिनभर भीड़–भाड़ रही। कैंपटीफॉल जाने वाली सड़क पर सुबह और शाम के वक्त जाम की स्थिति रही। किंग्रेग से लेकर किताबघर तक दो किमी. लंबा जाम लगा।


दोपहर के समय अंबेडकर चौक से लेकर किताबघर बैरियर तक और लाल टिब्बा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। इससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से होटलों में 80 फीसदी तक बुकिंग है।

मसूरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि रविवार तक के लिए होटलों में बुकिंग हैं और कारोबार को अच्छी रफ्तार मिली है। व्यापार संघ के अध्यक्ष रजत अग्रवाल का कहना था कि मसूरी में अच्छी चहल–पहल है। तीन दिन की छुट्टी का फायदा मसूरी को मिला है।

### गाड़ी का टैक्स बकाया है तो हो जाएं अलर्ट, आरटीओ करेगा सार्वजनिक नाम

देहरादून। अगर आपकी गाड़ी का टैक्स अभी बकाया है, तो उसे जल्दी जमा कर दें। दरअसल, परिवहन विभाग ऐसे 500 बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक करने जा रहा है, जिन्होंने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं करवाया है, इनकी सूची आरटीओ दफ्तर की दीवारों पर चस्पा की जाएगी। 100 बड़े बकायेदारों के घर पर नोटिस चस्पा किए जाएंगे। दून आरटीओ में 16 हजार वाहन ऐसे हैं, जिनका टैक्स जमा नहीं है। इन वाहनों पर 59 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है। इसमें तीन हजार ऐसे वाहन हैं, जिन पर एक लाख रुपये से ज्यादा टैक्स बकाया चल रहा है। इसमें बस, टैक्सी, ट्रक, ऑटो, विक्रम, ई–रिक्शा, सिटी बस समेत सभी श्रेणी के कॉमर्शियल वाहन हैं। संभागीय परिवहन विभाग सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेज चुका है, लेकिन वित्तीय वर्ष में सिर्फ आठ करोड़ रुपये की वसूली ही हो पाई। इसमें भी दो करोड़ रुपये वसूली पत्र के माध्यम से वसूल हुए हैं। एआरटीओ ने बताया कि अभी तक 600 बकायेदारों को वसूली पत्र जारी किए जा चुके जा हैं।

## अचानक देवभूमि पहुंचे सचिन तेंदुलकर



रामनगर। भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर घूमने के लिए दो दिवसीय दौरे के तहत रामनगर पहुंचे हैं। हालांकि उनका यह भ्रमण पूरी तरह गोपनीय व निजी है।

कोई भी उनसे नहीं मिल पाया। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित तेंदुलकर ने क्रिकेट की दुनिया में काफी नाम कमाया है। तेंदुलकर के होली बाद रामनगर आने की पहले से ही काफी चर्चा थी। गुरुवार को वह दोपहर बाद पंतनगर से कार द्वारा सीधे रामनगर पहुंचे।

चूंकि उनका कार्यक्रम पूरी तरह गोपनीय था। इसलिए किसी को उनके रामनगर आने की भनक तक नहीं लग पाई। उनका रामनगर पहुंचकर बिजरानी पर्यटन जोन में सफारी का संभावित कार्यक्रम प्रस्तावित बताया गया था।

**वेलकम के लिए तैयार रहा स्टाफ**

कॉर्बेट के बिजरानी रेंज का स्टाफ आमडंडा गेट पर सचिन तेंदुलकर की अगवानी के लिए मुस्तैद रहा। जैसे ही उनका काफिला आमडंडा से गुजरा तो बिजरानी गेट पर रुकने के बजाए सीधे ढिकुली स्थित एक रिसोर्ट में पहुंचा। जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे।

**कॉर्बेट पार्क में सफारी कर सकते हैं तेंदुलकर**

शुक्रवार को तेंदुलकर का कॉर्बेट पार्क में सफारी या नाइट स्टे का भी संभावित कार्यक्रम है। लेकिन इस बारे में विभाग की ओर से कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा रहा है। विभाग का कहना है कि डे सफारी व नाइट स्टे दोनों विकल्प उनके लिए खुले हैं।

## संपादकीय

# "अग्निवीर" नई संभावनाओं के संकेत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के !दूसरे कार्यकाल के दौरन केंद्र सरकार ने भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव करते हुए अग्निवीर योजना शुरू की थी। इस योजना में युवाओं के लिए भारतीय सेना में 4 साल का कार्यकाल नियत किया गया, जिसका व्यापक तौर पर विरोध भी हुआ, लेकिन बावजूद इसके केंद्र सरकार ने इस योजना को लागू कर दिया। योजना को 1 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है और अब कहीं ना कहीं इस बात की भी आवश्यकता दिखने लगी है कि युवाओं को सेवा में लंबी सेवा के लिए मौका मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दौरान भी यह मुद्दा जनता के बीच देखने को मिल रहा है इसके बाद कहीं ना कहीं केंद्र सरकार भी अग्नि वीरयोजना को लेकर परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है। खुद रक्षा मंत्री अपने चुनावी दौरे के दौरान ऐसे संकेत दे चुके हैं हालांकि भविष्य में इन बातों पर कितना अमल होगा यह तो वक्त ही बताएगा। इस योजना को लेकर पक्ष और विपक्ष में अभी तक व्यापक बहस देखने को मिल जाती है। माना जा रहा है कि यह शॉर्ट टर्म नौकरी है और उसके बाद सैनिकों के आगे पूरे करियर की चुनौती रहती है कि वह किस दिशा में जाएं। इससे उनकी जॉब सिक्योरिटी खत्म होती है। सेना में भर्ती की चाह रखने वाले युवा भी कहीं ना कहीं अपने भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति में है। 4 साल की सेवा पूरी होने के बाद क्या पुनः उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो पाएंगे यही सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। यही कारण है कि कहीं ना कहीं सरकार को भी अब यह लगने लगा है कि यदि जरूरत पड़ती है तो सरकार अग्निवीर भर्ती स्कीम में बदलाव के लिए भी तैयार है। सेना में इस योजना को शुरू करने के पीछे सरकार ने यह तय करने की कोशिश की है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। किसी भी सेना में युवाओं का होना उस देश की सेवा की ताकत को दर्शाता है। इन परिस्थितियों में अग्नि वीर योजना को जरूर एक सुदृढ़ योजना कहा जा सकता है लेकिन जब बात भविष्य की आती है तो युवा जरूर इस दिशा में ंस्थित नजर आते हैं।'सेना में युवा होने चाहिए। युवाओं में ज्यादा जुनून होता है, वे तकनीक के मामले में भी ज्यादा बेहतर होते हैं। फिलहाल अग्निवीर भर्ती योजना के तहत 4 साल का कार्यकाल होता है। इसमें 6 महीने ट्रेनिंग दी जाती है और फिर 3.5 सालों के लिए तैनाती मिलती है। इस अवधि के पूरा होने के बाद वे सेना में नियमित सेवा के लिए अप्लाई कर सकते हैं और उन्हें परीक्षा देनी होगी। इसके अलावा यदि वे सेना से एग्जिट होते हैं तो राज्यों की पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की भर्ती में उन्हें प्राथमिकता मिलती है। निश्चित तौर पर आज हमारी सेना मजबूत हो रही है। हथियारों की स्थिति यह है कि हम सिर्फ आयात नहीं कर रहे हैं बल्कि बड़े पैमाने पर हथियारों को एक्सपोर्ट भी कर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत हम आगे बढ़ रहे हैं।यदि सरकार इस योजना को स्थाई नौकरी के तौर पर परिवर्तित करती है तो यह युवाओं के लिए एक बड़ा तोहफा होगा।

# धार्मिक स्थल में भगदड़ रोकने के उपाय तलाशने होंगे

**भारत में बीते कुछ वषी के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोडने् से सीढ़ियों में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू–स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए। 30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250 लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे।13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए। ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली है। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने–चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।**

ऋतुपर्ण दवे

भारत में धार्मिक आयोजनों की भीड़ में भगदड़ आम हो चुकी है। ऐसी घटनाओं में मौतें होना न नई हैं, और न ही अब हैरान करने वाली। लेकिन लगता है कि गंभीरता को जानते–समझते हुए भी सीख नहीं लेने से इन मौतों पर विराम तो दूर सोचना भी बेमानी लगता है।


दो–चार दिन बाद बात आई–गई हो जाती है। बीते दिनों वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी की रंगीली होली की शुरु आत के एक दिन पहले भीड़ ऐसी बेकाबू हुई कि एक श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया जबकि एक की तबीयत बिगड़ गई। भारी भीड़ के दबाव में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीखें निकलती रहीं और पुलिस की मुस्तैदी इस बात पर ज्यादा थी कि अति विशिष्टजनों की सेवा में कोई खलल न पड़े।

ऐसी ही एक घटना अगस्त, 2022 में घटी जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा–वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और बांके बिहारी मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। आरोप लगे कि भीड़ नियंत्रित कराने वाले अपने परिजनों को वीआईपी दर्शन कराने में जुटे थे तो कई वीडियो बनाने में मशगूल रहे। परिसर में श्रद्धालु क्षमता 800 लोगों की है, जबकि वहां 25–30 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। धार्मिक आयोजनों में भारी भीड़ जुटना नया नहीं है।

लेकिन हादसों के बाद समझ आता है कि सुरक्षा कैसी होती है? वैज्ञानिकों ने 1900 के बाद से विश्व में भगदड़ या भीड़भाड़ की घटनाओं का एक डेटाबेस तैयार किया ताकि ऐसी मौतों को रोकने के उपायों को खोजा जा सके। इसमें 1900–2019 के बीच ऐसी 281 घटनाएं शामिल की जिनमें या तो कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई या दस से ज्यादा लोग घायल हुए। यही आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में भारत और पश्चिमी अफ्रीका ऐसी दुर्घटनाओं के सबसे बड़े केंद्र हैं। वक्त के साथ बढ़ती तकनीक के बावजूद तीन दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

भारत में बीते कुछ वषी के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोडने् से सीढ़ियों में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू–स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए।

30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250



लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे।13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए। ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली हैं। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने–चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

हाथों को अपनी छाती के सामने किसी बॉक्सर की तरह अड़ा रखें ताकि सीना सुरक्षित रहे जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। भीड़ में गिरने पर उठ नही पा रहे हों तो तिरछे हो जाएं, दोनों पैरों को सीने से चिपकाएं, सिर पर हाथ रख कर खुद को बचाने की कोशिश करें ताकि सीना, पसली और सिर बचा रहे। दीवारों और बैरिकेडिंग से भी दूर रहें। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि खुली जगह में जल्द से जल्द पहुंच जाएं।

यह कहना कि एकाएक भीड़ आ गई गलत है। आजकल धार्मिक स्थलों के पूरे क्षेत्र, गलियारों, चौक, चौराहों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस या निजी सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा सैटेलाइट से भी भीड़भाड़ की जानकारी लेना संभव है। हर पल पता होता है कि कहां से कितनी भीड़ आ रही है। यही प्रबंधन तो करना है ठीक वैसे, जैसे ट्रैफिक का करते हैं। इसके लिए जगह–जगह प्रतीक्षालय बनें, उनमें जलपान, प्रसाधन और आराम तथा छायादार सुविधा हों।बड़े–बड़े स्क्रीन हों जिन पर गंतव्य का लाइव प्रसारण होता रहे ताकि श्रद्धालु खुद मानसिक रूप से आगे जाने से पहले भीड़ के अनुरूप तैयार हों या कुछ पल सुकून से और प्रतीक्षा कर लें। प्रायः भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थल आर्थिक रूप से संपन्न होते हैं। हादसों से सीख कर ऐसे तमाम धार्मिक स्थलों के प्रबंधक और स्थानीय तंत्र भी खुद को बदलें। इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक पद्धतियों और क्राउड मैनेजमेंट से स्थिति काफी हद तक बदल सकती है ताकि भीड़, भगदड़ से होने वाली मौतों पर काबू पाया जा सके।

# मुद्दा : जन सरोकार व संघ का विस्तार

अवधेश कुमार

नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है–चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन–जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमनस्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है? दुर्भाग्य से राजनीतिक, बौद्धिक एवं आंदोलनात्मक एक्टिविस्टों की दुनिया में इतना तीखा विभाजन है कि यह सोचकर कहीं भाजपा को इसका चुनावी लाभ न मिल जाए अनेक दल, संगठन, बुद्धिजीवी और पत्रकार इसे बड़ा मुद्दा बनाने से बचते हैं।

ऐसे लोग संघ पर कोई टिप्पणी करेंगे तो समाज उसे स्वीकार नहीं कर सकता। स्वाभाविक है कि 2025 की विजयदशमी को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तो उसकी चर्चा होगी और उसके अनुसार योजनाएं बनेंगी। हालांकि संघ यही कह रहा है कि उसे जब तक संसार है तब तक काम करते रहना है, उसमें अनेक 100 वर्ष आएंगे तो 100 वर्ष का कोई ऐसा विशेष महत्त्व नहीं है किंतु उसका ध्यान रखते हुए ज्यादा से ज्यादा शाखा और संपर्क विस्तार हो यही लक्ष्य सामने आ रहा है और उसकी पुष्टि प्रतिनिधि सभा में हुई।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ट्रेलर हुआ आउट, 7 साल बाद कपिल शर्मा के शो में हुई गुत्थी की वापसी

सबसे पहले कलर्स और उसके बाद सोनी चैनल, कपिल शर्मा का शो इन दोनों चैनल्स पर छाया रहा. द कपिल शर्मा शो शो काफी सालों से लोगों को टीवी पर एंटरटेन करता आ रहा है. अब इसका नया वर्जन नेटफ्लिक्स पर देखने को मिलेगा और इस शो का नाम द ग्रेट इंडियन कपिल शो है जिसका ट्रेलर रिलीज किया गया है.द ग्रेट इंडियन कपिल शो से सुनील ग्रोवर पूरे 7 सालों के बाद वापसी कर रहे हैं. वैसे तो उन्होंने गुत्थी का रोल दूसरे शोज में भी किया है लेकिन जिस शो में वो पहली बार गुत्थी बने थे उसमें उनकी वापसी फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है.



द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया के इंस्टाग्राम पेज पर रिलीज किया गया है. वहीं इसे कपिल शर्मा ने भी शेयर किया है. इसके कैप्शन में लिखा गया, ये समय है हंसने का जैसा पहले कभी नहीं किया, क्योंकि इस बार गैंग वापस आ गई है. हम इंटरनेशनल जा रहे हैं. ट्रेलर आ गया है एपिसोड 30 मार्च रात 8 बजे से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेंगे. कपिल शर्मा के कॉमेडी शो का नया वर्जन हर किसी को पसंद आएगा. इसे टीवी नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कराया जाएगा. इस शो का लोग इंतजार करते हैं क्योंकि ये फैमिली के लिए फुल एंटरटेनमेंट कॉमेडी शो है. इस बार कपिल शर्मा में दो नए गेस्ट आएंगे जो 2013 से लेकर अब तक नहीं आए. उनका नाम है आमिर खान और रोहित शर्मा, इन दोनों का इस सीजन में वेलकम किया जाएगा. कपिल शर्मा के कॉमेडी शो के इस नये वर्जन का ट्रेलर अगर आपने देखा तो इसमें कुछ चीजें नोटिस की होंगी. इस शो का सेटअप काफी बड़ा लगाया गया है जिसे इंटरनेशनल लेवल से डिजाइन किया गया है जिसमें कुछ भी देसीपन देखने को नहीं मिलेगा. इसके अलावा काफी लड़ाई–झगड़े के बाद सुनील ग्रोवर शो में गुत्थी बनकर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं. साल 2017 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े की खबर आई थी और कई सालों तक दोनों ने बात भी नहीं की. अब इस शो में उनके बीच इसी बात को लेकर नोक–झोंक देखने को मिलेगा जो आपको एंटरटेन करेगा.

## आओ, चप्पल तुम्हारा इंतजार कर रही...

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। अभिषेक ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 16 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की थी। इस धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद भी अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह नाराज दिखे। उन्होंने कड़े शब्दों में अभिषेक की आलोचना की।अभिषेक शर्मा बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 23 गेंद में 63 रन की तूफानी पारी खेली थी। इस पारी में उनके बल्ले से 7 छक्के और 3 चौके निकले। इस युवा खिलाड़ी ने महज 16 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया था। उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ अहम साझेदारी की और दोनों ने जमकर मुंबई के गेंदबाजों की पिटाई की। हालांकि, अभिषेक शर्मा की इस धमाकेदार प्रदर्शन के बाद भी युवराज सिंह ने उन्हें चप्पल से मारने की बात कही।

**अपनी पोस्ट में लगाया चप्पल का इमोजी**

हालांकि, युवराज सिंह अभिषेक शर्मा की पारी से खुश दिखे। इस बावजूद जिस शॉट पर युवा बल्लेबाज आउट हुए थे, उससे युवराज नाराज दिखे। युवराज सिंह ने एक्स हैंडल पर अभिषेक शर्मा को पहले बधाई दी फिर खूब खरीखोटी सुनाई। युवराज ने लिखा, 'वाह सर अभिषेक वाह। कमाल की पारी लेकिन आउट होने के लिए क्या गजब शॉट लगाया।

# रोहित और हार्दिक के बीच सबकुछ ठीक नहीं



नई दिल्ली। उप्पल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह थी लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी ने उसे सनराइजर्स हैदराबाद के लिए जन्नत में तब्दील कर दिया। मुंबई को पांच आइपीएल ट्रॉफी जिताने वाले रोहित शर्मा को हटाकर पांड्या को इस सत्र में कप्तान घोषित किया गया।

पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करके उसे एक बार विजेता और एक बार उपविजेता बनाने वाले हार्दिक का मुंबई में आते ही मामला गड़बड हो गया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए जब लग रहा था कि मुंबई जीत सकती है तो उन्होंने और टिम डेविड ने 19 गेंद तक कोई भी बाउंड्री नहीं लगाई। उन्होंने खुद 20 गेंदों में एक चौके व एक छक्के के साथ 24 रन बनाए। मुंबई की तरफ से सबसे खराब स्ट्राइक रेट कप्तान साहब का ही रहा।

**'बुमराह को डेथ ओवर में दी गेंदबाजी'**

पिछले मैच में रोहित को बाउंड्री की तरफ फील्डिंग के लिए भेजने के बाद निशाने पर आए हार्दिक ने बुधवार को खराब कप्तानी की। पावरप्ले में जब ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा गेंदबाजों की बखियां उधेड़ रहे थे तो चौथा ओवर फेंकने आए जसप्रीत बुमराह ने केवल पांच रन दिए। इसके बावजूद हार्दिक ने रनों की रफ्तार रोकने की जगह बुमराह को डेथ ओवर के लिए बचाकर रखा। वह गेराल्ड कोएत्जे को लगातार ओवर कराते रहे जिसने अभिषेक और हेड को खुलकर खेलने का मौका दिया। युवा दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज मफाका को शुरुआती ओवर दे दिया जिसका लाभ मेजबानों को मिला।

# भूमि पेडनेकर ने किया अपनी पहली वेब सीरीज दलदल का ऐलान, अमेजन प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज

भूमि पेडनेकर की गिनती भारतीय सिनेमाकी उन एक्ट्रेसेस में की जाती है, जो अपने किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतारने के लिए कोई प्रयोग करने से पीछे नहीं हटतीं. यही कारण है कि भूमि की फिल्मों का हमेशा ही दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है. वहीं, एक्ट्रेस भी एक के बाद एक दिलचस्प प्रोजेक्ट्स का ऐलान कर रही हैं. पिछले दिनों उन्हें नेटफ्लिक्स की फिल्म भक्षक में पत्रकार की भूमिका में देखा गया है. वहीं, अब एक्ट्रेस को पुलिस ऑफिसर के दमदार किरदार में देखा जाने वाला है.

भूमि ने कुछ देर पहले ही अपनी पहली वेब सीरीज दलदल का ऐलान किया है. अमृत राज गुप्ता के निर्देशन में बनने जा रही इस सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है.

बताया जा रहा है कि यह वेब सीरीज लेखक विश धमीजा की नॉवल भिंडी बाजार पर आधारित है. अब सीरीज से भूमि का एक लुक भी सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस रफ–टफ लुक में नजर आ रही हैं. उनके पीछे अंधेरे में पुलिस की गाड़ी खड़ी दिख रही है.

सीरीज में भूमि को रीत फरेरा नाम की डीसीपी का किरदार निभाते हुए देखा जाएगा, जो सीरियल किलिंग की जांच करेगी. अब सीरीज से सामने आए भूमि के इस लुक ने अभी से एक्ट्रेस के किरदार और इस सीरीज के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है. बता दें कि यह सीरीज अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाने वाली है. हालांकि, फिलहाल इसकी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है.

भूमि पेडनेकर के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस वेब सीरीज के अलावा उन्हें मेरी पत्नी के रीमेक में भी देखा जाने वाला है. हालांकि, उनकी इस फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ पाई है. वहीं, एक्ट्रेस के चाहने वाले उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित है.

## उर्फी जावेद की सीरीज फॉलो कर लो यार का ऐलान, अमेजन प्राइम वीडियो से मिलाया हाथ

छोटे पर्दे की जानी–मानी अभिनेत्री, मॉडल और सोशल मीडिया स्टार उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी कपड़ों और अजीबो–गरीब फैशन के चलते चर्चा में रहती हैं।अब उर्फी ओटीटी की दुनिया में धमाल मचाने जा रही हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज फॉलो कर लो यार का ऐलान कर दिया है, जिसके निर्देशन की कमान संदीप कुकरेजा ने संभाली है।फॉलो कर लो यार का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। फिलहाल सीरीज की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। उर्फी जावेद भारत की वायरल सेलेब्रिटीज में से एक हैं.

# प्रीति जिंटा मेरे लिए पराठे बनाती थी, इंग्लिश खिलाड़ी ने सह—मालकिन के बारे में किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर रवि बोपारा ने पंजाब किंग्स की सह–मालकिन प्रीति जिंटा के बारे में एक बड़ा खुलासा किया है। बोपारा ने कहा कि प्रीति जिंटा ने उनके लिए आलू पराठा बनाए थे, जिसके लिए वो हमेशा आभारी रहेंगे।

'डिंपल गर्ल' के नाम से मशहूर प्रीति जिंटा अधिकांश पंजाब किंग्स का समर्थन करने के लिए मैदान में नजर आती हैं। वह पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच के दौरान मुल्लांपुर में भी स्टैंड्स में नजर आईं थीं। पंजाब के लिए खेल चुके पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर रवि बोपारा ने प्रीति जिंटा को लेकर बड़ा खुलासा किया। रवि बोपारा ने फैन कोड के आईपीएल शो द सुपर ओवर में कहा, "वो आईपीएल के शुरुआती



दिन थे। तब वो पार्टी हुआ करती थी। वो शानदार दिन थे।" पंजाब किंग्स की सह–मालकिन प्रीति जिंटा ने पिछले साल कहा था कि उन्हें 2009 आईपील के दौरान अपनी टीम के लिए 120 आलू पराठा बनाने पड़े थे। इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था और तब टीम को किंग्स इलेवन पंजाब था।

**प्रीति जिंटा ने क्या कहा**

स्टार स्पोर्ट्स के एंकर ने प्रीति जिंटा से बातचीत की, जिसमें 'डिंपल गर्ल' ने कहा, "किसने सोचा था कि प्रीति जिंटा ने अपनी टीम के लिए आलू पराठा बनाया था? मेरे ख्याल से उन्होंने इसके बाद आलू पराठा खाना छोड़ दिया।" हरभजन सिंह भी तब वही खड़े थे और वो जोर से हंसने लगे।प्रीति जिंटा ने कहा, "पहली बार मुझे एहसास हुआ कि तुम लड़के कितना खाते हो। हम दक्षिण अफ्रीका में थे और वो होटल में अच्छा पराठा नहीं दे रहे थे। तब मैंने उन्हें कहा, मैं आप सभी को सिखाऊंगी कि पराठा कैसे बनाते हैं।

# छात्र-छात्राओं ने सीखे डिजिटल मार्केटिंग के गुर


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

## आईएचएमएस में आयोजित कार्यशाला में हैरिटेज एकेडमी के छात्रों ने किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से रोजगार परक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें हैरिटेज एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने डिजिटल मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस में भविष्य बनाने के गुर सीखे। बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर आयोजित कार्यशाला का संस्थान के एमडी श्री बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं के लिए नौकरी पाना एक चुनौती भरा कार्य हो गया है। ऐसे में रोजगार परक कोर्स युवाओं की पहली प्राथमिकता बन रहे हैं। इस अवसर पर संस्थान के डिजिटल मार्केटिंग के विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार जगवान ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले होर्डिंग, पोस्टर, बैनर, टीवी, न्यूज पेपर से और वर्तमान में डिजिट माध्यम से मार्केटिंग का नया दौर आरंभ हुआ है। जिसके उपयोग से अब मार्केटिंग बहुत आसान हो गई है। कहा कि छात्र-छात्राएं डिजिटल मार्केटिंग अपना कर अपने सपने साकार कर सकते हैं। संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर आशुतोषधर द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर साइंस में अपना भविष्य संवारने की जानकारी दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लाभ और नुकसान की जानकारी देते हुए छात्रों को अपार संभावनाओं वाले कंप्यूटर साइंस को अपने भविष्य के तौर पर चुनने की अपील की। होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष पंकज कुकरेती, प्राध्यापक अनुज नेगी, गुरदीप सिंह और टेक चंद ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन और मॉकटेल बनाने के तरीके बताए। कहा कि वर्तमान में होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, पीआरओ नरेश थपलियाल, नवीन किशोर आदि मौजूद रहे।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा से गणित का प्रश्न पत्र हटाए जाने का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने पीसीएस मुख्य परीक्षा से गणित के पेपर को हटाने पर खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

संघ कार्यालय में आयोजित संघ की बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि पीसीएस मुख्य परीक्षा में गणित के पेपर को हटाने के साथ ही दो पेपर उत्तराखण्ड ज्ञान से संबंधित भी कर दिये गये हैं जो सराहनीय कदम है और उत्तराखण्ड के युवाओं के हित में है। युवाओं ने सब इंस्पेक्टर भर्ती में गणित और रीजनिंग के प्रश्नों को कम करने की मांग भी की ताकि सभी युवाओं को अवसर प्राप्त हो सके। बैठक में सुशील बिष्ट, दीपक डोबरियाल, प्रदीप नेगी, यजुवेंद्र सिंह रावत, अनिल रतूड़ी, शिखा चौधरी, सुमिता पंत, श्वेता चौधरी और मोहित ठाकुर आदि प्रशिक्षित मौजूद थे।

# विकास की दौड़ में पीछे छूट रहा गढ़वाल का द्वार कोटद्वार

## उत्तराखंड विकास समिति की ओर से आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार के विकास की दौड़ में पीछे छूटने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि किसी भी दल की प्रदेश सरकार ने कोटद्वार के विकास में रूचि नहीं दिखाई, इसलिए कोटद्वार की विकास की योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं।

इस संबंध में जौनपुर स्थित समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 10 मार्च को मुख्यमंत्री कोटद्वार आए, लेकिन कोटद्वार के विकास के लिए कोई घोषणा करे बगैर ही चले गये। कहा कि लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग का मामला अभी तक अधर में लटका हुआ है। सरकार की ओर से कोर्ट में कमजोर पैरवी के कारण मोटर मार्ग के निर्माण कार्यों पर रोक लगी है। वहीं प्रदेश सरकार मेडिकल कालेज निर्माण पर भी गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। कंडी रोड के 10 किमी. क्षेत्र के कार्बेट नेशनल पार्क में बफर जोन आने पर प्रदेश सरकार ने 2019 में कंडी रोड को कार्बेट नेशनल पार्क से बाइपास के रूप में बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन अभी तक भी प्रदेश सरकार की ओर से यूपी सरकार से भूमि अधिग्रहण की कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। मोटर मार्ग के न बनने का नुकसान सिडकुल स्थित उद्योग धंधों को उठाना पड़ रहा है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने की स्थिति में जन सहयोग से आंदोलन किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला, जेएस नेगी, जीके रावत, विपुल उनियाल, दुर्गा प्रसाद दुबे, मनोहर सिंह, विजय मैंदोला, सुरमान सिंह और कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बलवीर सिंह रावत बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस की ओर से बलवीर सिंह रावत को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया। गुरुवार को जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष के दायित्व का पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव को देखते हुए उनकी व्यस्तता बढ़ गई है, जिसके कारण संगठन के कार्य प्रभावित हो रहे है, एसे में बलवीर सिंह रावत बतौर कार्यकारी अध्यक्ष रहकर संगठन के कार्यो को देख सकेंगें। उनकी अनुपस्थिति में बलवीर सिंह रावत संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर सकते हैं। बलवीर सिंह रावत को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने एक जुट होकर कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर धर्मपाल सिंह, प्रदीप रावत, मनोज रावत, अमित राज सिंह, राजा आर्य, गबर सिंह, पवन सिंह, मंदीप सिंह मौजूद रहे।


# गुलदार की बढ़ रही धमक, घरों में कैद हुए ग्रामीण

## एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत कई गांव में बनी है गुलदार की दहशत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत कई गांव में इन दिनों गुलदार की धमक बनी हुई है। आए दिन गुलदार ग्रामीणों को गांव के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। गुलदार की धमक से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

ग्राम डोबल, कठूली, बग्याली, अमोठा, केशरपुर सहित अन्य गांव में लगातार गुलदार की धमक बढ़ती जा रही है। शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार दिन-दोपहर ही गुलदार गांव के समीप



खेतों में घूमता हुआ दिखाई देता है। ग्रामीण लक्ष्मण रावत ने बताया कि गुलदार की धमक से सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए अभिभावक स्वयं ही जा रहे हैं। पूर्व में गुलदार कई मवेशियों को भी अपना निवाला बना चुका है। कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द गुलदार को पकड़ा जाना चाहिए।

# गढ़वाल सीट से सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। इस सीट पर कुल 13 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे, इनमें से किसी भी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त नहीं हुआ है। अब 30 मार्च को नाम वापसी होगी। इसके बाद गढ़वाल लोस सीट पर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी।

गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। अब 30 मार्च को नाम वापसी होगी। इसके बाद गढ़वाल लोस सीट पर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी। लोकसभा की गढ़वाल सीट पर भाजपा के अनिल बलूनी, कांग्रेस से गणेश गोदियाल, बसपा से धीर सिंह बिष्ट, यूकेडी से आशुतोष नेगी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से अर्जुन सिंह, सैनिक समाज पार्टी से डॉ. मुकेश चंद्र पंत, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से रेशमा, उत्तराखंड समानता पार्टी से विनोद कुमार शर्मा, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्याम लाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से सुरेशी देवी सहित निर्दलीय प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह नेगी, मुकेश प्रकाश और सोनू कुमार ने नामांकन किया है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने के दावे हवाई, सड़क पर खड़े भारी वाहन बन रहे खतरा



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड में सड़क किनारे खड़े भारी वाहन

## शहरवासियों की शिकायत के बाद भी बेतरतीब खड़े वाहनों पर ध्यान नहीं दे रहा सिस्टम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए शहर में पचास हाईटेक कमरे लगाए गए हैं। दावा किया जा रहा है कि अब पुलिस कंट्रोल रुम में बैठे-बैठे ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इतना सब कुछ होने के बाद भी पुलिस का ध्यान सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों पर नहीं जा रहा। नतीजा, भारी वाहनों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। जबकि, पूर्व में इस लापरवाही से कई दोपहिया वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां आपको सड़क किनारे पार्क किए गए भारी वाहन न दिखाई दें। बेतरतीब तरीके से खड़े यह वाहन हर समय दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। सबसे बुरी स्थित कौड़िया चैक पोस्ट से गिवईं स्त्रोत तिराहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी रहती है। कई बार कौड़िया के समीप खड़े इन भारी वाहनों की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक भी चोटिल हो चुके हैं। यही स्थिति देवी रोड में भी देखने को मिलती है। भारी वाहनों के कारण मार्ग पर जाम की स्थिति भी बनी रहती है। सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों को बना रहता है। पूर्व में शहरवासी कई बार भारी वाहनों को सड़क से हटवाने की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, पुलिस व परिवहन विभाग अब भी लापरवाह बना हुआ है।

### रात के अंधेरे में हादसों का अंदेशा

मोटाढांग मार्ग, कौड़िया, नजीबाबाद रोड, देवी रोड, सिताबपुर-मानपुर मार्ग सहित अन्य स्थानों पर दिन-रात भारी वाहन खड़े रहते हैं। रात के अंधेरे में खड़े यह भारी वाहन नजर नहीं आते, जिससे हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में हुए हादसों के बाद भी सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प




भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कलाकार

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की सांस्कृति समिति की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की सांस्कृतिक समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुगध कर दिया। सदस्यों ने अपनी संस्कृति के सरंक्षण का भी संकल्प लिया।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक अंबरीष त्रिपाठी, प्रदीप चौरसिया, प्रदीप लखेड़ा, प्रदीप बड़ोला, केएल नैथानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। इस तरह के मंचों से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसके बाद कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी व हिंदी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सबसे अधिक सराहा। इस मौके पर कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष यशपाल तोमर, शालिनी, सोहन, रईसुद्दीन, सुमन किशोर आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने दी वोट न देने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कोट ब्लॉक की रामपुर पट्टी के गांव मुतन्या कांडी के ग्रामीणों ने पुनर्स्थापन भत्ता अब तक नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने भत्ता न मिलने पर लोकसभा चुनाव में वोट न देने की चेतावनी दी है।

डीएम को सौंपे एक पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह लोकसभा चुनावों में वोट नहीं देंगे। ग्रामीण नरेश चमोला के मुताबिक इस बाबत सारी कार्रवाई पूरी हो गई है।

आवश्यक दस्तावेज भी जमा हो गए है। लेकिन नियमानुसार अभी तक भत्ता देने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। यह भत्ता सभी चिह्नित परिवारों को दिया जाना है। डीएम को सौंपे इस पत्र में कहा गया है कि यदि ग्रामीणों को दो दिनों के भीतर यह भत्ता नहीं दिया जाता है तो वह क्षेत्र में चल रहे कंपनी के काम को भी रुकवा देंगे और साथ ही लोकसभा चुनावों में वोट भी नहीं देंगे।


## ।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 5419 /कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक :- 28/03/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 492/374/15 देवीरोड वार्ड नं0 15 | श्री अरूण देवरानी पुत्र सूर्य प्रकाश देवरानी | श्रीमती ममता देवरानी पत्नी स्व0 श्री अरूण देवरानी एवं श्री अर्चित देवरानी पुत्र स्व0 अरूण देवरानी | मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।


# डाकघर का सर्वर डाउन, बिना काम कराए लौट रहे लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीरोंखाल बाजार में स्थिति शाखा डाकघर में तीन दिनों से कनेक्टिविटी नहीं होने से क्षेत्रीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि दिनों दिन डाकघर का सर्वर खराब रहने से दूर दराज क्षेत्र से आने वाले लोगों को बिना काम के वापस घर लौटना पड़ रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता कमल प्रकाश, ध्यान सिंह, होबत सिंह आदि का कहाना हैं कि बीरोंखाल डाकघर में अधिकांश समय कनेक्टीविटी नहीं रहती हैं। जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने बताया कि रिखाड़, मैठाणाघाट, सिसई, डुमैला मल्ला, तल्ला, पनास, कोलरी, भमरई, सिंदूड़ी आदि गांवों से लोग डाकघर में अपने काम के लिए आते हैं।

लेकिन कई बार सर्वर खराब होने से लोगों को मायूस होकर घर वापस लौटना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने इस व्यवस्था को ठीक करने की मांग विभाग से की है। बीरोंखाल डाकघर के पोस्टमास्टर विकास ने बताया कि तीन दिनों से कनेक्टिविटी नहीं आ रही हैं, जिससे कई लोगों के खाते नहीं खुल पा रहे हैं।

# पंजा प्रतियोगिता में राज, प्रियांशु व हिमांशु रहे विजेता



कोटद्वार के भाबर में आयोजित पंजा प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

## युवाओं के लिए आयोजित की गई रेसलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र में युवाओं के लिए आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राज आर्य व प्रियांशु शाह व हिमांशु विजेता रहे। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

भाबर में आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ समाज सेवी गौरव जोशी, सिमरन बिष्ट, सर्वेंद्र काला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज कई युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान 65 किलो वजन पंजा प्रतियोगिता में राज आर्य, हिमांशु व 55 किलो में प्रियांशु शाह विजेता रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम संयोजक अनिल काला ने बताया कि युवाओं को एक बेहतर मंच उपलब्ध करवाने के लिए समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस मौके पर सिमरन कुकरेती, अजय कुमार, गौरव, सरोज काला, शुभम कंडवाल, आयुष त्रिपाठी, अशप आदि मौजूद रहे।


-01382-222219

''जल संचय-जीवन संचय'' फैक्स नं0- 01382-222219

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान

बद्रीनाथ मार्ग, निकट बुद्ध पार्क, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)
E-Mail ID- ujs_eekotdwar@rediffmail.com, ujseekotdwar@gmail.com

पत्रांक 4687 / ग्रीष्म ऋतु / 2023-24 दिनॉक 28/3/2024

### विज्ञप्ति

शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत ग्रीष्मऋतु में पेयजल एवं सीवर उपभोक्ताओं से प्राप्त पेयजल एवं सीवर सम्बन्धित शिकायतों के निराकरण हेतु शाखा कार्यालय में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 01382-222219 है। अतः समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं सीवर सम्बन्धित शिकायतों को दूरभाष नम्बर 01382-222219 पर प्रातः 8:00 बजे से सांय 8:00 बजे तक सूचित करनें का कष्ट करें ताकि त्वरित कार्यवाही करते हुये शिकायत का निराकरण किया जाना सम्भव हो पाये।

| क्र0 सं0 | विकास क्षेत्र /इकाई | अपर सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ताओं के नाम/मो0नं0 | सहायक अभियन्ताओं के नाम /मो0नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा कोटद्वार | अधिशासी अभियन्ता - श्री अभिषेक कुमार वर्मा -9412081305 | |
| 2 | रिगड्डी | श्री योगेन्द्र ढौंडियाल मो0नं0- 94109970199 | श्री बी0आर0 चौधरी मो0नं0- 9412965831 |
| 3 | सनेह | | |
| 4 | दुगड्डा भाबर | श्री बृजमोहन रावत मो0नं0- 9568704545 | |
| 5 | कोटद्वार नगर एवं सीवर | श्री त्रिभुवन गुसांई मो0नं0- 9837188108 | |
| 6 | जयहरीखाल | श्री करन कठैत मो0नं0- 6395748357 | श्री बृजमोहन रावत मो0नं0- 9568704545 |
| 7 | रिखणीखाल | श्री किरण कुमार मो0नं0- 9720198899 | |
| 8 | नैनीडांडा | श्री प्रमोद रावत मो0नं0- 7902182455 | |
| 9 | दुगड्डा ग्रामीण /नगर | श्री विमल गुंसाई मो0नं0- 8006933881 | श्री देवकी नंदन मो0नं0-9456100207 |
| 10 | द्वारीखाल | श्री संदीप बिष्ट मो0नं0- 9389469891 | |
| 11 | यमकेश्वर | श्री शूरवीर चौहान मो0नं0- 8449043534 | |

(अभिषेक कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

# पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सुचारु संपादन के लिए पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता और मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों को अलग-अलग पालियों में सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट संचालन का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रेक्षागृह में चल रहे प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत ने प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों से सावधानीपूर्वक दायित्व निर्वह्न करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे सहित केंद्र के अंदर पूर्ण निगरानी की भी है। वह यह सुनिश्चित कर लें कि केंद्र और आसपास ऐसा कोई निशान न हो, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो। उन्होंने मतदान कर्मचारियों को चैलेंज्ड वोट और टेंडर वोट में अन्तर बताया। कहा कि दोनों का प्रयोग अलग-अलग परिस्थिति में किया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदान की सुबह 6.30 बजे पर मॉक पोल करने के पश्चात इसकी पर्चियां लिफाफे में सुरक्षित रख दें। सुबह 8.00 बजे मतदान शुरू होने पर एसएमएस के माध्यम से इसकी जानकारी दें। सुबह 9.00 बजे से प्रत्येक दो घंटे के अन्तराल पर मतदान का अपडेट देना है।



प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत।

## नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करना पड़ा मंहगा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सीपीयू टीम के साथ दो टीमों का गठन करते हुए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने नो पार्किंग जाने में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

यातायात बाधित करने वाले वाहनों का मौके पर ही पुलिस द्वारा ट्रैफिक आई ऐप से चालान किया गया। इस दौरान करीब दर्जनभर वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया।

कोतवाल एनके भटट, एसएसआई संतोष पैंथवाल ने बताया कि नो पार्किंग जोन और यातायात बाधित करने वाले वाहनों का चालान किया गया है। कहा कि सभी अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थान में ही पार्क करें और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में पुलिस का सहयोग करें।

# आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मी देगें पोस्टल से वोट

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : आवश्यक सेवाओं के वोटरों के लिए पोस्टल वैलेट से मतदान करने की व्यवस्थाएं की जा रही है। वे सभी कार्मिक जो अपने बूथों पर ड्यूटी के कारण वोट देने नहीं जा पाएंगे, उनके लिए पोस्टल वैलेट से वोटिंग के लिए पोस्टल वैलेट मतदान केंद्र बनाएं जाएंगे। विधानसभा वार इन कार्मिकों की सूची बना ली गई है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से कुल 74 कार्मिक ऐसे है जो अपने बूथ पर पोलिंग के दिन वोट देने नहीं जा पा रहे है।

आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत स्वास्थ्य, रोडवेज, पुलिस आदि सहित कुल दस सेवाओं में तैनात कार्मिकों को यह सुविधा दी जानी है। पौड़ी जिले में अभी तक स्वास्थ्य और परिवहन विभाग में तैनात 115 कार्मिकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। पोस्टल वैलेट के सहायक नोडल अफसर अमरेंद्र चौधरी ने बताया कि विधानसभा वार इन कार्मिकों की सूची बना ली गई है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से कुल 74 कार्मिक ऐसे है जो अपने बूथ पर पोलिंग के दिन वोट देने नहीं जा पा रहे है। इसमें सबसे अधिक कोटद्वार विधानसभा के 33 वोटर है। इसी तरह से श्रीनगर विधानसभा के 19, चौबट्टाखाल विधानसभा से 9, लैंसडौंन से 6 और पौड़ी विधानसभा से 3 वोटर है। वहीं उत्तराखंड परिवहन विभाग से ऐसे मतदाताओं की संख्या 41 है। जिसमें कोटद्वार विधानसभा से सर्वाधिक 25, लैंसडौंन से 8, श्रीनगर से 4, यमकेश्वर से 3 वोटर के साथ ही चौबट्टाखाल विधानसभा से 1 वोटर है। नोडल अफसर के मुताबिक अभी पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड में तैनात ऐसे कार्मिकों की सूची भी बनाई जा रही है, ताकि उन्हें भी पोस्टल से वोटिंग की सुविधा दी जा सके।

## पीयूष डंगवाल ने किया टॉप

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती विद्यामंदिर हाईस्कूल श्रीनगर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। 9वीं के छात्र पीयूष डंगवाल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा छह के सिद्धार्थ कैंतुरा ने द्वितीय और सार्थक कैंतुरा ने विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में करन नेगी प्रथम और कक्षा आठ में आयशा डंगवाल प्रथम रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र मैठाणी ने विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर सभी छात्रों को बधाई दी।




## हरिद्वार की जनता का लगातार बढ़ता आशीर्वाद ही मेरी ताकत : त्रिवेंद्र रावत

हरिद्वार। हरिद्वार लोक सभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने सीएम रहते हुए हरिद्वार की जो सेवा की, वह लोगों के मन में आज भी विद्यमान है। कहा कि हरिद्वार की जनता का लगातार बढ़ता आशीर्वाद ही मेरी ताकत है। उन्होंने भूपतवाला के स्वामीनारायण आश्रम में हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में यब बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश में जो विकास कार्य हुए हैं उन्होंने भारत की दिशा और दशा बदलने का काम किया है। यही कारण है कि देश का युवा, महिला, किसान और मजदूर आज खुलकर मोदी जी के साथ खड़ा है और उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

## जंगलों में आग लगाने वालों पर होगी कार्यवाही

श्रीनगर गढ़वाल : हरकंडी ग्राम उत्थान समिति गर्मियों में जंगलों में आग लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाएगी। गुरुवार को ग्राम जलेथा में जंगलों को आग से बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।हरकंडी ग्राम उत्थान समिति की सदस्य राजकुमारी चमोली की पहल पर हुए जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। राजकुमारी चमोली ने कहा कि गर्मियों का सीजन शुरू होते ही जंगल धूं-धूं कर जलने शुरू हो जाते हैं, जिससे पक्षियों, जंगली जानवरों सहित वन संपदा को भारी नुकसान होता है। कहा कि जंगलों में आगजनी होने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शरारती तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर संबंधित विभाग के साथ मिलकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर आशा पन्त, संध्या भट्ट, गीता भण्डारी, रामेश्वरी चौहान, अंजलि राणा, नेहा भट्ट, सुमित्रा, आभा, परमेश्वरी, कुन्ती, भारती आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# राज्यपाल ने किया सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्थानीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को देहरादून में सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्थानीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध इस संस्थान के लॉ कॉलेज और फार्मेसी के लिए वर्ष 2021–22 और 2022–23 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब आप सभी जीवन की नई यात्रा में जा रहे हैं आप अपने प्राप्त ज्ञान को राष्ट्र की बेहतरी में लगाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी अमृतकाल की पीढ़ी हैं और विकसित एवं विश्व गुरु भारत के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आप सभी में असीमित क्षमताएं हैं, उनका सदुपयोग करें और राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज की बेहतरी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।



राज्यपाल ने कहा कि आज आप नई यात्रा शुरू कर रहे हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी जड़ों को हमेशा याद रखें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति, विरासत और हमारी प्राचीन ज्ञान प्रणाली पर गर्व करना चाहिए, और प्रत्येक नागरिक को समाज में एकता, एकजुटता और सद्भाव के लिए भी काम करना चाहिए। हम सभी एक जिम्मेदार नागरिक बनें और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को ईमानदारी और नैतिकता के साथ निभाएं जिससे देश को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमेशा बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम करें।

राज्यपाल ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए पूरे संस्थान परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें उत्कृष्ठता की दिशा में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा ने उपस्थित लोगों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

# आश्रम तथा स्कूल बनाने के नाम करोड़ों की धोखाधडी छोटा काणा और बड़ा काणा पर मुकदमा

देहरादून । एसएसपी देहरादून के आदेश पर आश्रम तथा स्कूल बनाने के नाम पर लोगों को मुनाफे का लालच देकर उनसे जमीन खरीदवाने के एवज में करोडो की धोखाधडी करने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार गोविन्द सिंह पुण्डीर पुत्र स्व0 रतन सिंह पुण्डीर ग्रा0ः रिखोली पो0 सिगली जनपद देहरादून द्वारा थाना राजपुर पर लिखित तहरीर दी कि वह जमीन खरीद–फरोख्त का कार्य करते हैं, अगस्त 2023 में अमजद अली पुत्र युनुस अली निवासी छुटमलपुर देहरादून हाल निवासी जोहडी गांव सिनोला राजपुर द्वारा उनके बडे भाई से सम्पर्क कर बताया कि बुढादल समिति नादेड महाराष्ट्र के बाबा अमरीक सिंह स्कूल व आश्रम बनाने के लिये जमीन देख रहे हैं तथा उनसे जमीन क्रय करने से पूर्व उक्त जमीन की मिट्टी बाबा को उपलब्ध कराने तथा उसके उपरान्त ही जमीन खरीदने की बात बताई गयी। जिस पर वादी के बडे भाई द्वारा उन्हें जमीन की मिट्टी उपलब्ध कराई गयी। कुछ समय पश्चात सितम्बर 2023 में अमजद अली, राम अग्रवाल, सचित गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उफ बडा काणा, सुमित बसंल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान द्वारा उनके बडे भाई के पास आकर उन्हें बताया कि जमीन की मिट्टी पास नहीं हो पाई है तथा करनाल हरियाणा में कुछ किसान अपनी जमीन बेच रहे हैं, जिसकी मिट्टी बाबा द्वारा पास कर दी गई है, संस्था से जुडा होने के कारण हम सीधे उक्त जमीन को नहीं खरीद सकते हैं, हमारी किसानों से बात हो चुकी है, आप उक्त जमीन को किसानों से अपने नाम पर 40 लाख रू0 प्रति किला के हिसाब से खरीद लो, जिसे हम बाद में 2 करोड 15 लाख रू0 प्रति किला के हिसाब से बाबा को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

जिस पर वादी द्वारा उक्त जमीन को क्रय करने की एवज में किसानों से सम्पर्क कर चैक व नगदी के माध्यम से कुल 21 लाख रू0 का भुगतान किया गया। उसके पश्चात बाबा अमरीक सिंह व अन्य अभियुक्तों द्वारा देहरादून आकर 51 करोड 60 लाख रू0 का चेक वादी को दिखाकर बताया कि संस्था द्वारा जमीन के लिये धनराशि स्वीकृत कर दी है तथा उक्त सौदे की धनराशि वादी को तभी प्राप्त होगी जब वादी द्वारा धनराशि का 03 प्रतिशत संस्था में जमा किया जायेगा। जिस पर वादी द्वारा अपने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर डेढ करोड रू0 उन लोगों को दिये गये।

इसके बाद अभियुक्तों द्वारा नवम्बर 2023 में वादी को रजिस्ट्री के लिये करनाल बुलाया गया, यहां उनके द्वारा वादी को पैसों से भरा बैग तथा बैंक ड्राफ्ट दिखाते हुए बताया कि जमीन के मालिक की तबियत खराब होने के कारण अभी रजिस्ट्री सम्भव नहीं है, रजिस्ट्री के लिये वादी को बाद में दोबारा करनाल आना होगा। इस दौरान अभियुक्तो द्वारा बाबा अमरीक सिंह से वादी की मुलाकात कराई गई।

## मूल्यांकन से नदारद शिक्षकों से मांगा जवाब

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के दूसरे दिन भी 42 परीक्षक और 37 अंकेक्षक नदारद रहे। मूल्यांकन को लेकर पौड़ी जिले में तीन केंद्र बनाएं गए हैं। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर और जीजीआईसी पौड़ी शामिल है। पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी डीसी गौड़ ने बताया कि मूल्यांकन के दूसरे दिन गुरुवार को भी 42 परीक्षक और 37 अंकेक्षक नदारद रहे। इन सभी से अनुपस्थित रहने को लेकर जवाब मांगा गया है।

सीईओ के मुताबिक चुनाव ड्यूटी भी एक वजह हो सकती है। जवाब के बाद इस बाबत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन 10 अप्रैल तक चलेगा।

# मोबाईल व बाईक लूट की घटना में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

देहरादून। डोईवाला क्षेत्र में हुई लूट की घटना में फरार चल रहे अभियुक्त को डोईवाला पुलिस ने किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना डोईवाला पर वादी प्रदीप कुमार डिमरी पुत्र स्व0 गोविन्द राम डिमरी वार्ड न0– 99 नियर शिव मन्दिर बालावाला देहरादून द्वारा ने 22 मार्च को तहरीर दी थी कि उनका पुत्र ईशांक डिमरी के उनकी बाइक संख्याः यू0के0–07–डीएस–4363 से घोडा फैक्ट्री बालावाला में क्रिकेट टूर्नामेन्ट देखकर घर वापस आ रहा था इस दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उससे लिफ्ट लेने के बहाने वादी के पुत्र के साथ मारपीट कर उससे उसकी बाईक व मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गये। वादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना डोईवाला पर तत्काल मु0अ0सं0–103/2024 धाराः 392 भादवि पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 24/03/2024 को 24 घंटे के अन्दर घटना को अजांम देने वाले अभियुक्त अभिषेक थापा पुत्र जीतू थापा निवासी निर्मल बस्ती कुंआवाला थाना डोईवाला देहारदून उम्र 18 वर्ष को लूटी गयी स्पलेन्डर मो0सा0 सं0ः यू0के0–07–डीएस–4363 के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिससे पूछताछ में एक अन्य अभियुक्त सुखदेव उर्फ सुखी पुत्र कुशलपाल सिंह निवासी निर्मलबस्ती कुंआवाला डोईवाला जनपद देहरादून उम्र– 21 वर्ष का घटना में संलिप्त होना प्रकाश में आया था जो घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार उसके सम्भावित ठिकानों पर दबिशें दी जा रही थी।

फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त अत्यंत शातिर किस्म का अपराधी है, जो गिरफ्तारी से बचने तथा पुलिस को चकमा देने के उद्देश्य से जोश नशा मुक्ति केन्द्र प्रयास सेवा समिति नकरौदा हर्रावाला में भर्ती हो गया है।

## विभागों में चल रहे वाहनों को अधिग्रहण से मुक्त रखा जाए

देहरादून। दून ट्रेवल ऑनर्स एसासिएशन ने सरकारी विभागों में अनुबंध पर चल रहे वाहनों को चुनाव अधिग्रहण से मुक्त रखने की मांग की है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से जल्द ही इस मामले में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल और सचिव प्रवीन चावला का कहना है कि परिवहन विभाग की ओर से चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। विभाग ऐसे वाहनों का अधिग्रहण भी कर रहा है, जो सरकारी विभागों में अनुबंध पर चल रही है। जिससे ट्रेवल एजेंसी संचालक परेशान हैं, एक तरफ से जहां उनके वाहन चुनाव के लिए अधिग्रहण हो रहा है, वहीं, दूसरी तरफ सरकारी विभाग उनके स्थान पर दूसरे वाहन की डिमांड कर रहा है, जिसकी व्यवस्था संचालक नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि चुनाव के लिए सिर्फ उन्हीं वाहनों का अधिग्रहण किया जाए जो सार्वजनिक परिवहन और दैनिक टैक्सी कार्य कर रहे हैं। जो वाहन सरकारी विभागों में अनुबंध पर चल रहे हैं, उनको अधिग्रहण से मुक्त रखा जाए।

## निर्वाचन से आचार संहिता में पदोन्नति की मंजूरी देने की मांग

देहरादून। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन उत्तराखंड ने आचार संहिता में कर्मचारियों के पदोन्नति के खाली पदों पर प्रमोशन किए जाने की मांग की। मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारी को ज्ञापन भेज चुनाव आचार संहिता में कर्मचारियों के प्रमोशन को मंजूरी देने की मांग की। संगठन के संरक्षक पंचम सिंह बिष्ट ने कहा कि पदोन्नति में शिथिलीकरण का लाभ लेने का समय जून 2024 तक समाप्त हो रहा है। ये पूरा समय चुनाव आचार संहिता में ही निकल जाएगा। कहा कि पदोन्नति में शिथिलीकरण की व्यवस्था के तहत प्रमोशन का जो लाभ कर्मचारियों, शिक्षकों को मिलना था, वह प्रमोशन चुनाव आचार संहिता के कारण अटक गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि पदोन्नति को जिन कर्मचारियों, शिक्षकों की डीपीसी हो रखी है, उनके पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं। क्योंकि यदि इन आदेशों को जारी करने को चुनाव आचार संहिता समाप्त किए जाने का इंतजार किया जाएगा, तब तक प्रमोशन कैलेंडर वर्ष ही समाप्त हो जाएगा। इसके कारण कर्मचारी प्रमोशन से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने तत्काल प्रमोशन की मंजूरी दिए जाने की मांग की।

## महानगर कांग्रेस ने टिहरी और हरिद्वार सीट पर प्रचार की रणनीति बनाई

देहरादून। कांग्रेस भवन में महानगर इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने टिहरी और हरिद्वार सीट पर चुनाव प्रचार को लेकर चर्चा की। बैठक में बूथ, ब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को घर–घर कांग्रेस का संदेश लेकर जाने की अपील की गई। महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महानगर क्षेत्र के तहत टिहरी लोकसभा के मसूरी, राजपुर रोड, रायपुर, कैंट और हरिद्वार लोकसभा के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार की रणनीति बनाई गई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जोत सिंह गुनसोला और बीरेंद्र रावत के लिए पार्टी की अलग–अलग टीमें अपने–अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करेंगी। साथ ही वार्ड स्तर पर नुक्कड़ सभाएं भी होंगी। वक्ताओं ने इस मौके राजनैतिक चंदे के साथ ही बेरोजगारों, खिलाड़ियों, किसानों पर लाठीचार्ज करने वाली सरकार की सच्चाई लोगों के बीच पहुंचाएंगे।

# नन्हें हाथों को थामकर उन्हें भिक्षावृत्ति से दूर शिक्षा की ओर ले जाती दून पुलिस

देहरादून। एन्टी ह्यूमन ट्रफिकिंग यूनिट देहरादून द्वारा ह्लऑपरेशन मुक्तिह्व अभियान के तहत आम जनता को जागरूक करने के लिये जन जागरुकता रैली निकाल कर बच्चों को भिक्षावृति एवं नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराकर शिक्षा की ओर अग्रसर करने हेतु जागरूक किया गया। ऑपरेशन मुक्ति अभियान (भिक्षा नहीं शिक्षा दे) के सफल क्रियान्वयन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक डोईवाला (नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुक्ति ) एवं प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून के नेतृत्व में आज दिनांक 28.03.2024 को जनजागरूकता रैली निकाली गयी। पुलिस लाइन देहरादून से रेसकोर्स क्षेत्र में निकाली गई रैली के दौरान ह्लऑपरेशन मुक्तिह्व (भिक्षा नहीं शिक्षा दे) के तहत बाल भिक्षावृत्ति/बाल श्रम की रोकथाम एवं ऐसे बच्चे जो भीख मांगने, कूड़ा बीनने एवं नशे की प्रवृत्ति आदि में लिप्त हैं, को भिक्षा एवं नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराकर शिक्षा की ओर अग्रसर करने एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए आमजन को प्रेरित किया गया।जन जागरुकता रैली के दौरान आम जनता से बच्चों को भिक्षा न देने, नाबालिग बच्चों को घरेलू कार्यों व प्रतिष्ठानों पर काम में न लगाए जाने के एवं बच्चों को नशे की प्रवृत्ति से मुक्त कराने के साथ ही बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी, साथ ही एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा चाइल्ड हेल्प लाईन के साथ मिलकर रेसकोर्स देहरादून में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चों को लिये शिक्षा के महत्व को समझाते हुऐ उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिये आमजन को जागरुक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य तौर पर करने के लिए आमजन को जागरूक किया गया।




## उपजिलाधिकारी को जांच अधिकारी किया नामित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आशीष चौहान ने ग्राम बरसूड़ी बाली कण्डारस्यूं-2 की सीमान्तर्गत एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर उप जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी को जांच अधिकारी नामित किया है। ग्राम बरसूड़ी बाली कण्डारस्यूं-2 के सीमान्तर्गत 02 मार्च, 2024 को सांय 7:30 बजे एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 300 मीटर नीचे गिर गयी थी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में चालक सहित एक अन्य व्यक्ति सवार था, जिनमें दोनों लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। उप जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी ने बताया कि उक्त दुर्घटना के संबंध में जो कोई भी व्यक्ति जानकारी रखता है वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस पर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना लिखित व मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

## 80 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिद्वार( आरएनएस)। श्यामपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों से अस्सी लीटर कच्ची शराब बरामद की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि टांटवाला निवासी श्याम सिंह को करीब 40 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी पुल के नीचे रहने वाले झोपड़ पट्टी के मजदूरों को शराब की सप्लाई करता था। एक अन्य मामले में चंडीपुल के नीचे शमशान घाट के पास कच्ची शराब के साथ चंडी घाट निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया।

# माला राज्य लक्ष्मी ने मसूरी विस में किया जन संपर्क

देहरादून। भाजपा की टिहरी लोकसभा प्रत्याशी व सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के साथ मसूरी विस के विलासपुर कांडली, गल्जवाड़ी और अनारवाला में जन संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी व ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील भी की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र से माला राज्यलक्ष्मी शाह को पिछली बार से दोगने अंतर से जीत दिलाने का भरोसा दिलाया और क्षेत्रवासियों से माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने की अपील करते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमें पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। मोदी सरकार ही भारत के सुनहरे भविष्य की गारंटी है। मोदी सरकार वादों को पूरा करने की गारंटी है। विगत वर्षों में हमारी सरकार ने जो कहा वह किया है। हमारी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, वंचित सभी की चिंता करते हुए उनके उत्थान के लिए योजनाएं बनाई हैं।इस अवसर पर राज्यमंत्री कैलाश पंत, विधानसभा प्रभारी कमली भट्ट, ग्राम प्रधान लीला शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, प्रभा शाह, संध्या थापा, किरन, सपना, दिनेश प्रधान, ग्राम प्रधान लव कुमार तमंग, वंदना बिष्ट, आशीष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

इन लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता शेर बहादुर, श्याम राय, नागेंद्र बहादुर खड़का, दल बहादुर गुरुंग, बाबूराम शर्मा, देवेंद्र, दिनेश गिरी, रघुमान श्रेष्ठ, पदम बहादुर थापा, ओम बहादुर क्षेत्री, देवेंद्र सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह आदि।

## दंपति को पीटा, मंगलसूत्र छीनने का आरोप

हरिद्वार। सिडकुल में हमलावरों ने एक दंपति और मकान मालकिन की पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावर महिला का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पीड़ति पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि योगेंद्र पाल निवासी कृपाल नगर रावली महदूद ने बताया कि विनीत, भूरा, राजन, दीपक अपने चार साथियों के साथ उसके घर में घुस आए। आरोप है कि गाली–गलौज कर मारपीट की गई। इस दौरान हो–हल्ला होने पर उसकी पत्नी और मकान मालिक पूनम देवी बीच बचाव को आए तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट कर दी। बताया कि आरोपियों ने उसकी पत्नी का मंगलसूत्र छीन लिया।

# आचार संहिता समाप्त होते ही शुरू होगा पेयजल कर्मियों का आंदोलन

देहरादून। पेयजल के राजकीयकरण को लेकर पेयजल कर्मचारियों का आंदोलन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही शुरू हो जाएगा। पेयजल संयुक्त कर्मचारी मोर्चा ने पेयजल के राजकीयकरण को लेकर नए सिरे से आंदोलन खड़ा करने की तैयारी कर ली है।मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि शासन स्तर पर दिए गए आश्वासनों के बाद ही राजकीयकरण के आंदोलन को चुनाव आचार संहिता तक टाला गया है। आश्वासन दिया गया था कि चुनाव आचार संहिता के बीच शासन स्तर पर पेयजल के राजकीयकरण और ट्रेजरी से वेतन देने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। ट्रेजरी से वेतन किस तरह दिया जाएगा, इसको लेकर शासन स्तर पर पूरा होमवर्क किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से बाकायदा एक कमेटी भी गठित की गई।कर्मचारी भी चुनाव आचार संहिता तक इस पूरी प्रक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होते ही यदि कर्मचारियों को लगेगा कि एकबार फिर उन्हें दिया गया आश्वासन पूरा नहीं किया गया है, तो आंदोलन तय है। कहा कि पेयजल के राजकीयकरण से सबसे अधिक सरकार को लाभ है। जल निगम के सेंटज का पूरा पैसा सरकार को मिलेगा। जल संस्थान के पेयजल बिलों का पैसा पूरा शासन के पास जाएगा। जो भी बजट खर्च होगा, उस पर शासन की सीधी निगरानी होगी। कर्मचारियों का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा। कहा कि सरकार पेयजल एजेंसियों को मजबूत करे। न कि बाहरी एजेंसियों के दबाव में पेयजल एजेंसियों को खत्म करने की साजिश रची जाए।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com